(ख) यदि हां, तो क्या उसे सभा-पटल पर रख दिया जायेगा; और

(ग) यदि नहीं, तो जानकारी एकत्र करने तथा उसे सभा पटल पर रखने में कितना समय लगने की संभावना है ?

वित्त मंत्रालय में उप वित्त मंत्री (श्री मगनभाई बारोट) : (क) से (ग). अतारांकित प्रश्न सं० 5527 के भाग (क) और (ख) के संदर्भ में सूचना इस बीच एकत्र की जा चुकी है और उसे 24 नवम्बर, 1980 को सदन के पटल पर रख दिया गया है। एकत्र की गई सूचना निम्नलिखित है :—

वर्ष 1979–80 के दौरान, समस्तीपुर, बिहार में सेंट्रल बैंक आफ इंडिया द्वारा भूमिहीन किसानों से 14.95 लाख रुपये की राशि के 1096 आवेदन-पत्र प्राप्त हुए। इनमें से 1086 आवेदन पत्र राजकीय अभिकरणों के मार्फत प्राप्त हुए जिनमें 14.90 लाख रुपये के ऋणों की राशि अन्तर्गस्त थी। केवल 10 आवेदन-पत्र सम्बन्धित व्यक्तियों से प्राप्त हुए। इस अवधि के दौरान कुल 13.49 लाख रुपये के ऋण स्वीकृत और संवितरित किये गये जिनमें 942 लाभ प्राप्तकर्ता व्यक्ति थे।

1980 के दौरान दुर्घटनाग्रस्त विमानों के नाम

1684. **श्री राम सिंह शाक्य** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1980 के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए विमानों की संख्या और नाम क्या हैं ;

(ख) उन विमान दुर्घटनाओं में कुल कितने व्यक्ति मारे गये तथा घायल हुए;

(ग) इन विमान दुर्घटनाओं में मारे गये प्रत्येक व्यक्ति के शोक संतप्त परिवार को तथा घायल हुए प्रत्येक व्यक्ति को मुआवजे के रूप में कितनी राशि का भुगतान किया गया ; और

(घ) उन व्यक्तियों के नाम क्या हैं जो इन विमान दुर्घटनाओं में मरे लेकिन जिनके परिवारों को कोई मुआवजा नहीं दिया गया ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (श्री अनन्त प्रसाद शर्मा): (क) और (ख). अपेक्षित सूचना देने वाला एक विवरण संलग्न है।

(ग) और (घ). अपेक्षित सूचना प्राप्त की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

विवरण

वर्ष 1980 के दौरान (18 नवम्बर, 1980 तक) हुई उल्लेखनीय दुर्घटनाओं के ब्यौरों को दर्शाने वाला विवरण ।

क्रम सं०	दुर्घटना की तारीख/स्थान	विमान का प्रकार/पंजीकरण	स्वामी/परिचालक	हताहत		घायल	
				कार्मिक	यात्री	कार्मिक	यात्री
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	1 जनवरी, 1980 पालम	बोइंग—737 वी.टी.—ई.ए.एच.	इंडियन एयरलाइंस	—	—	—	—
2.	4 मार्च, 1980 जालंधर विमान क्षेत्र	आई. टी. जी. III ग्लाइडर वी. टी.—जी. डी. जैड	नार्दन इंडिया फ्लाइंग क्लब	—	—	—	—
3.	9 मार्च, 1980 तिन्जौर हवाई अड्डा	बसन्त वी. टी.—ई. डी. डी.	हरियाणा एग्रो एविएशन	—	—	—	—
4.	10 मार्च, 1980 सफदरजंग हवाई अड्डा	पुष्पक वी. टी.—डी. पी. यू.	दिल्ली फ्लाइंग क्लब	—	—	—	—
5.	20 मार्च, 1980 करनाल विमान क्षेत्र	पुष्पक वी. टी.—डी. वाई. डी.	करनाल एविएशन क्लब	—	—	—	—

6.	31 मार्च, 1980	ट्विन बीच
7.	नादबाई, भरतपुर के पास 10 मई, 1980	वी. टी.–सी. जैड. एक्स बोइंग–737
8.	रामपुर कुटीर के निकट उड़ान में 10 मई, 1980	वी. टी.–ई. डी. ग्रार. पुष्पक
9.	सफदरजंग हवाई ग्रड्डा 23 जून, 1980	वी. टी.–डी. वाई. ई. पिट्टस एस–2ए
10.	सफदरजंग हवाई ग्रड्डे के पास 5 ग्रगस्त, 1980	वी. टी.–ई. जी. एन. पाइपर पानी
11.	भावनगर के पास लौंगिया के निकट 28 ग्रगस्त, 1980	वी. टी.–डी. जैड. टी. विसकाउंट
12.	विजयवाड़ा हवाई ग्रड्डा 16 नवम्बर, 1980	वी. टी.–डी. जे. सी. बेल 47 जी–5 हैलिकाप्टर
	मद्रास के पास कोलावरम्	वी. टी.–ई. ए. ग्रो.

फालकन एयर	1	4	—	—
इंडियन एयरलाइन्स	—	2	2	6
दिल्ली फ्लाइंग क्लब	—	—	—	—
मसर्स थामस मौगेट (इंडिया) लिमिटेड, कलकत्ता	2	—	—	—
एग्रीकल्चरल एविएशन (पी.) लिमिटेड, बम्बई	—	—	1	—
हंस एयर	—	—	—	—
पुष्पक एविएशन	—	1	—	1
कुल	3	7	3	7